दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 335 मुरादाबाद 07 April 2022 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## BJP के बर्थडे पर अखिलेश यादव का बड़ा हमला, लोकतंत्र की सीरियल किलर, वोट लूट में एक्सपर्ट बताया



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बड़ा हमला किया है। सपा अध्यक्ष ने पंचायत और विधान परिषद चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भाजपा को लोकतंत्र का सीरियल किलर बताया। उन्होंने महंगाई को लेकर भी निशाना साधा तो बीजेपी की नई टोपी पर चुटकी भी ली है। अखिलेश यादव ने कन्नौज में कहा, "बीजेपी लोकतंत्र की सीरियल किलर है। लोकतंत्र में वोट कैसे लूटा जाता है भाजपा उसकी एक्सपर्ट पार्टी बन गई है। कन्नौज में कई साथी पर्चा नहीं भर पाए थे। एटा में पुलिस कप्तान और डीएम ने मिलकर पर्चा नहीं भरने दिया। फर्रुखाबाद के साथियों के साथ भी यही हुआ।" उन्होंने कहा कि बीजेपी से फेयर चुनाव की उम्मीद करना अपने आपको धोखा देना होगा। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है तब से बैंकों का लगातार ब्याज कम हो रहा है। कानपुर में लॉकर से गहनों की लूट हो रही है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सपा अध्यक्ष ने कहा था कि उन्होंने जो कहा था वही हो रहा है। उन्होंने कहा, "मैंने कहा था कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ जाएंगे, चुनाव बाद वही हुआ। महंगाई की मार के साथ साथ बेरोजगारी की भी मार पड़ रही है। लोग आत्महत्या कर रहे हैं।" अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं। सच्ची खबर चलाएंगे तो ये आपको भी जेल में डाल देंगे। बलिया में यूपी बोर्ड पेपर लीक का खुलासा करने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया । बच्चे रो रहे हैं, मां रो रही है। उनको नही पता था कि बेटा घर नही लौटेगा। यह बहुत निंदनीय व्यवहार हो रहा है। भाजपा की नई टोपी को लेकर अखिलेश यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि जो लोग सपा की लाल टोपी पर ना जाने क्या क्या कहते थे, आज खुद टोपी पहने बैठे हैं। अखिलेश यादव ने कहा, "मुझे खुशी है उन्होंने लाल टोपी नहीं पहनी आज कोई और टोपी पहन ली, सिद्धांतों पर कैसे खड़े रहेंगे? खाली टोपी पहनने से कुछ नहीं होगा।" गौरतलब है कि यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने सपा की लाल टोपी को खतरे की निशानी बताया था।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर दो खेमों में बंटी दुनिया, भारत ने लिया अपना स्टैंड: पीएम मोदी



रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार यानी 6 अप्रैल को कहा कि भारत के मजबूत स्वतंत्र रुख ने उसे बिना किसी वैश्विक दबाव के अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की अनुमति दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब दुनिया दो खेमों में विभाजित है। भारत मानवता के लिए एक स्वतंत्र रुख अपना सकता है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सबसे आगे रखा है।" पीएम मोदी ने भाजपा के 42 वें स्थापना दिवस पर कहा, "इस साल का स्थापना दिवस तीन कारणों से बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। पहला हम स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहे हैं। यह प्रेरणा का एक प्रमुख अवसर है। दूसरा, तेजी से बदलती वैश्विक स्थिति। भारत के लिए लगातार नए अवसर सामने आ रहे हैं।" पीएम मोदी ने कहा, "यह भारत की आजादी के 75वें वर्ष का अमृतकल है। इसलिए हमें स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पैमाने पर ले जाने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस दिशा में काम करते हुए भाजपा अपने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के आदर्श वाक्य को लगातार मजबूत कर रही है।" उन्होंने कहा कि भारत ने हाल ही में 400 अरब अमेरिकी डॉलर के अपने निर्यात लक्ष्य को पूरा किया है। पीएम मोदी ने कहा, "महामारी के बीच यह उपलब्धि भारत की बेहतर क्षमताओं को दर्शाती है।" उन्होंने आगे कहा कि भारत 100 साल में सबसे बड़े वैश्विक खतरे के बीच समाज के गरीब तबके के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा, "केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए लगभग 3.5 लाख करोड़ खर्च कर रहा है कि कोई भी भारतीय भूखा न सोए।" पीएम मोदी ने बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास% के मंत्र को दोहराया

### पीएम मोदी ने विपक्ष पर चलाए तीर

पीएम मोदी ने कहा, "एक समय था जब लोगों ने यह उम्मीद करना छोड़ दिया था कि भारत प्रगति कर सकता है। लेकिन आज हर भारतीय गर्व से कहता है कि भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।" पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "दशकों तक कुछ दलों ने वोट बैंक की राजनीति की। वे कुछ के लिए कल्याण के लिए काम करते थे। हमेशा बहुमत की चिंता करते थे। भेदभाव और भ्रष्टाचार वोट बैंक की राजनीति के परिणाम थे। अपने स्पष्ट और शुद्ध इरादों के साथ भाजपा ने ऐसी राजनीति का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है।" उन्होंने कहा, "भाजपा लगातार गरीबों, दलितों और देश की महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है।" इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, "भाजपा ने न केवल एक राजनीतिक दल के रूप में बल्कि एक सामाजिक कल्याण संगठन के रूप में भी खुद को स्थापित किया है। हमारे विरोधी इस बात से सहमत हैं कि हम महामारी के दौरान गरीबों को राहत देने के लिए काम करने वाली एकमात्र पार्टी हैं।"

WWW.KNSLLIVE.COM

## स्थापना दिवस पर बोले योगी- बीजेपी है देश को सबसे ऊपर रखने वाली एकमात्र पार्टी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देश को सबसे ऊपर रखने वाली 'एकमात्र पार्टी' करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा देश और दुनिया के राजनीतिक विश्लेषकों के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय है। योगी ने भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, "दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा से हम सबका जुड़ाव हम सभी से न सिर्फ अपनी राष्ट्रीय निष्ठा, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की परवाह करने का भी आह्वान करता है। भाजपा के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैं देशभर में पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।" उन्होंने कहा, "भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार हो या फिर विभिन्न राज्यों की सरकारें, वे न सिर्फ देश के हर नागरिक की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, बल्कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। भाजपा इस भाव पर चलने वाला देश का एकमात्र राजनीतिक दल है। योगी ने कहा, "भाजपा की यात्रा देश और दुनिया के राजनीतिक विश्लेषकों के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय है, लेकिन यह यात्रा बहुत कुछ कहती है।



राष्ट्र के प्रति हम सबकी एक मजबूत निष्ठा, अपने मूल्यों-आदर्शों के प्रति हमारा समर्पण भाव और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे उस व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हम सबके जीवन का एक ध्येय है, जिसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की बात की थी।" उन्होंने कहा कि जब हम इस ध्येय को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करते हैं तो यह प्रत्येक नागरिक को स्वत्- स्फूर्त भाव के साथ इस दल के साथ जोड़ने में सफल होता है। योगी ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में आम जनमानस में लोकतंत्र के प्रति आस्था का भाव पैदा कर रही है। मुख्यमंत्री ने भाजपा की यात्रा में आए उतार-चढ़ाव का जिक्र करते हुए कहा, "वर्ष 1952 में देश में पहले आम चुनाव के समय भारतीय जनसंघ की स्थापना की गई थी। योगी ने कहा, "जनता पार्टी के असफल प्रयोग के बाद 1980 में जब भाजपा का गठन हुआ था, तब अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और भाजपा के उस समय के उन सभी महापुरुषों ने इस नए दल को देश की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले दल के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया था।" उन्होंने कहा, "आज आप देख रहे होंगे कि भाजपा भारत के नागरिकों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र बिंदु बन चुकी है। पार्टी की यह यात्रा दुनियाभर में आश्चर्य और कौतूहल का विषय है।"

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं ,जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष हसमत हुसैन खां के अगुवाई में समिति के सदस्यों द्वारा देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को दिया है। अपने ज्ञापन में उन्होने गत दिनों बलिया में पेपर लीक के मामले में एक पत्रकार के साथ हुई घटना का उल्लेख करने के साथ ही मिर्जापुर एवं आगरा में भी पत्रकारों के खिलाफ हुई कार्यवाही होने का भी उल्लेख किया गया है। सम्बन्धित ज्ञापन में उन्होने कार्यवाही कराये जाने की मांग के साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून भी पारित कराये जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने के दौरान पत्रकार समाज कल्याण समिति जनपद श्रावस्ती जिला प्रभारी पारसनाथ पाठक जिला मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन अंसारी, रमेश कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता नंद कुमार गुप्ता ,जिला सचिव मकबूल अहमद, सतीश कुमार पांडे, तहसील इकौना प्रवक्ता पवन कुमार शुक्ला तहसील इकौना पदाधिकारी राजकुमार चौरसिया तथा तहसील भिनगा अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ संरक्षक गुलफाम अहमद तहसील जमुनहा नीतीश कुमार तिवारी तथा अन्य पदाधिकारी गण तथा अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना एवं उप जिला मजिस्ट्रेट रोहित उपस्थित रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# जिला अस्पताल के पेथालोजी में ब्लड जांच की बार कोड लगाने वाले कर्मचारी ने मीडिया कर्मी से की बदसलूकी

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- जहा एक तरफ योगी जी सभी अस्पतालों की स्थिति को सुधारने में दिन रात प्रयास कर रहे हैं । वही बांदा जिला अस्पताल के पेथालोजी विभाग में बार कोड लगाने वाले कर्मचारी ने दिनांक 06.04.22 को 12.51मिनट पर अपनी पत्नी संध्या की ब्लड जांच कराने गए अविनाश चंद्र दीक्षित निवासी मढिया नाका बांदा के कहा की समय खत्म हो गया है कल आए जब इस कामचारी से जांच का समय पूछा तो भड़कते हुए गुस्से से सुबह आठ



बजे से 12.30बजे तक होता है बताया गया। जब अविनाश चंद्र दीक्षित ने बताया की मीडिया से है अभिषेक डाक्टर साहब ने भेजा है। तो और भड़क उठा । जब इस कर्मचारी को फोटो खींची तो और भड़क कर बदसलूकी करते हुए बार बना लेना कहने लगा। इसकी हरकत के बारे में जान सी एम एस बांदा डाक्टर एस एन मिश्रा जी को फोटो दिखाते हुए इसकी हरकतों को बताया गया तो सी एम एस बांदा ने बताया की इसका गंगा नाम है और अभी इसकी हरकतों की वजह से इसका तीन दिन का वेतन काटने की कार्यवयी की है। अब एक बार फिर इसे कठोर चेतावनी दी जाएगी जिससे ऐसी पुनरावृति न हो। अब बात यह है कि क्या ऐसे कर्मचारियों का वेतन काटने वा चेतावनी देने से इनमे सुधार आ जायगा आने वाला समय बताएगा।

# न्यू मॉडर्न वार एसोसिएशन संघ का राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- न्यू मॉडर्न बार एसोसिएशन संघ तहसील जमुनहा श्रावस्ती के द्वारा राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन भेज कर ग्राम न्यायालय की अस्थापना करवाए जाने के संबंध में मांग किया है काफी दिनों से तहसील जमुनहा जनपद श्रावस्ती में शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि तहसील जमुनहा में ग्राम न्यायालय की स्थापना किया जाए लेकिन तहसील जमुनहा में अभी तक ग्राम न्यायालय की स्थापना नहीं हो पाई है जिसे स्थानीय जनता व वादकारीयो को काफी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है जिससे काफी परेशानियां उठानी पड़ती है तहसील से जिला मुख्यालय की दूरी 30 किलोमीटर है



जो काफी दूर है जिस के संबंध में न्यू मॉडर्न बार एसोसिएशन तहसील अधिवक्ता संघ जमुनहा जनपद श्रावस्ती में सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं की आम सभा की बैठक मे निर्णय लिया गया कि ग्राम न्यायालय की स्थापना कराए जाने हेतु महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को ज्ञापन सौंपा जा रहा है तहसील जमुनहा जनपद श्रावस्ती में ग्राम न्यायालय की स्थापना कराया जाना आवश्यक है जिसकी मांग तहसील संघ अधिवक्ता ने किया है इस संबंध में उप जिलाधिकारी को संबोधन ज्ञापन देकर संबोधित देकर उत्तर प्रदेश राज्यपाल के नाम दिया है।

# भाई की जगह हाई स्कूल की परीक्षा देते समय पकड़ा गया एलएलबी का छात्र

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- भाई की जगह हाई स्कूल की परीक्षा देते समय एलएलवी का छात्र पंकज पकड़ा गया। पुलिस पंकज को पकड़ कर थाने ले गई। थाना



एवं कस्बा जहानगंज स्थित पुत्तूलाल गोमती देवी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा चल रही है। आज सुबह की पारी में हाई स्कूल अंग्रेजी की परीक्षा थी। ग्राम झंसी निवासी संतराम का पुत्र पंकज रोज की तरह हाई स्कूल अंग्रेजी का प्रश्न पत्र हल कर रहा था। ग्राम झंसी निवासी नीतू तिवारी के पुत्र आशुतोष तिवारी ने केंद्र व्यवस्थापक दशरथ सिंह को सूचना दी कि पंकज अपने छोटे भाई अतुल के स्थान पर परीक्षा दे रहा है। इसी सूचना पर दशरथ सिंह ने थानाध्यक्ष देवेश कुमार को परीक्षा केंद्र पर बुलाया और अतुल को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि पंकज साईं मीर लॉ कॉलेज छिबरामऊ से एलएलवी कर रहा है। पंकज ने इससे पहले अतुल के कई विषयों की परीक्षा दी है। अतुल ग्राम मूसाखिरिया स्थित डीपीएस इंटर कॉलेज का छात्र है। इतनी बड़ी लापरवाही के मामले में केंद्र व्यवस्थापक व कक्ष निरीक्षकों के विरुद्ध भी कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। यदि आशुतोष घटना का भंडाफोड़ नहीं करता तो पंकज अपने मकसद में कामयाब हो जाता और अतुल भी बिना परीक्षा दिए काफी अच्छे नंबरों से पास भी हो जाता। जिले में पता नहीं कितने परीक्षा केंद्रों पर ऐसे मुन्ना भाई गाड़ी ले से परीक्षा दे रहे होंगे

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना इकौना का वार्षिक निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना इकौना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया ।अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।थाना पर नियुक्त समस्त विवेचकगण को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी गयी। थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराये जानें, बीट कर्मचारियों द्वारा



बीट सूचना दर्ज करानें तथा बीट सूचना पर आवश्यक कार्यवाही करनें के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी बीट प्रभारी/कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये।थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना इकौना के अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना को निर्देश दिया कि आरक्षियों को थाना स्तर पर संपादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए । थाना पर मालमुकदमाती वाहन/मालों का निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाना परिसर भ्रमण के दौरान आवासीय भवनों, भोजनालय, शौचालय व उठनें बैठनें के स्थानों को भी स्वच्छ रखनें हेतु निर्देश दिया गया। विधानसभा निर्वाचन 2022 में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु थाने के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण एवं ग्राम प्रहरियों को शुभकामनाएं दी गई तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी को ब्रीफ कर उन्हे आपने सेहत पर विशेष ध्यान देने, योगा व व्यायाम करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कन्या छात्रावास भर्रीडांड का मामला: प्रभारी अधीक्षिका निलंबित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भर्रीडांड विकास खण्ड मरवाही में 4 अप्रैल को खाद्यान्न सामग्री नहीं होने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। इस शिकायत पर अनुविभागीय दंडाधिकारी मरवाही से जांच कराई गई। जांच में शिकायत सही पाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भर्रीडांड के प्रभारी अधीक्षिका कुमारी अघनिया पाण्डव (सहायक शिक्षक) को निलंबित किया गया। छात्रावासों एवं आश्रमों के नियमित निरीक्षण नहीं होने के कारण श्री के.एन. मिश्रा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और श्री सुरेश कुमार देवांगन मंडल संयोजक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## आगामी त्योहारों को लेकर डिलारी पुलिस सतर्क क्षैत्र में किया पैदल फ्लैग मार्च



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी आगामी त्योहारों व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जनपद मुरादाबाद में आगामी त्योहार नवरात्रि और ईद को लेकर डिलारी और नगर पंचायत ढकिया में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। थाना डिलारी थाना अध्यक्ष समेत फोर्स व पुलिस बल के साथ नगर पंचायत ढकिया के बाजारों गलियों से होकर डिलारी तक फ्लैग मार्च निकाला। काफी संख्या में पुलिस बल को देखकर घरों से लोग बाहर निकल आए और दुकानों पर मौजूद लोग पुलिस बल को फ्लैग मार्च करते देख टकटकी लगाकर देखने लगे आगामी त्योहारों को लेकर थाना डिलारी पुलिस काफी सतर्कता बरत रही है। यह फ्लैग मार्च उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की फिराक में लगे रहते है. फ्लैग मार्च के दौरान बताया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत नहीं होने दी जाएगी जो भी शांति भंग अथवा माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसआई अजीत सिंह एसआई अब्दुल बासित समेत आदि पुलिस बल मौजूद रहा

## डिलारी में छेड़खानी से निपटने रक्षा पुलिस टीम बता रही छात्राओं को सुरक्षा के उपाय



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी में महिला सुरक्षा टीम थाना डिलारी द्वारा महिलाओं व बच्चों से वार्ता कर महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090 181 1098 112 102 108 101 वह साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 15 52 60 की जानकारी दी गई उप निरीक्षक करण सिंह थाना ने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए पुलिस विभाग की महिला रक्षा टीम स्कूल और कॉलेजों में जाकर छात्राओं को सुरक्षा के टिप्स दे रही है। छेड़खानी के समय में किस तरह से बालिकाओं को बचना है और घरेलू हिंसा से किस तरह से महिलाएं बच सकती है। इसके लिए लगातार स्कूल और कॉलेज में कार्यशाला कराकर वहां छात्राओं को जानकारी दी जा रही है। महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से महिला रक्षा टीम के उप निरीक्षक करण सिंह एवं महिला रक्षा टीम ने बच्चों को उनके अधिकार की जानकारी देने के साथ साथ लैंगिक अपराध, यौन शोषण, छेड़खानी, घरेलू हिंसा की घटनाओं से बचने के उपाय बताए। बच्चों को बिना डरे अवांछनीय हरकतों की जानकारी पालकों तथा शिक्षकों को देने कहा। बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे अभियान में महिला सेल से थाना डिलारी में एक रक्षा टीम काम कर रही है। स्कूल और कॉलेजों में दिए जा रहे कार्यशाला के लिए अधिकारी स्पेशल ट्रेनिंग लेकर आए है, जहां थाना डिलारी उप निरीक्षक करण सिंह ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी। यह अभियान पूरे प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रामलीला ग्राउंड में लगे मेले के तीन स्टाल में लगी भीषण आग



मुरादाबाद-लाइनपार में बुधवार सुबह रामलीला ग्राउंड में लगे मेले की तीन दुकानों में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जब तक दुकानदारों को पता चलता, तब तक आग ने भीषण रूप ले लिया। आनन-फानन मेला आयोजकों ने दमकल को सूचना दी। इस पर दमकल की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मेले की दुकानों में आग से कुछ देर के लिए परिसर में अफरातफरी मच गई। आग बुझने के बाद लोगों की जान में जान आई। दमकल अफसरों ने कहा कि तीन दुकानों में लगा सामान तो जल गया, लेकिन यह गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। लाइनपार के रामलीला ग्राउंड कुछ दिनों से मेला लगा है। बुधवार को मेले में लगी दुकानों के मालिक अपने सामान को सजा रहे थे कि अचानक सुबह 10.40 बजे तीन दुकानों में धुआं उठता देख लोगों ने शोर मचा दिया। पहले वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ने पर दमकल को सूचना कर दी, जिस पर दमकल की छह गाड़ियां मय टीम के साथ पहुंची। दमकल की टीम ने आधे घंटे में आग बुझा ली लेकिन तब तक खिलौने की दुकान लगाने वाले गुड्डू निवासी जयंतीपुर की दुकान, महेश रस्तोगी की कपड़े की दुकान और नेताकालोनी जयंतीपुर की लेडीज पर्स की दुकान का सामान जलकर राख हो गया। सीएफओ मुकेश कुमार ने बताया ग्राउंड में लगे मेले में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सही समय पर पता लगने से तीन ही दुकानें आग की चपेट में आई, जिससे अन्य दुकानों को बचा लिया गया। मेला स्थल पर आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले, इसको लेकर मेले के ठेकेदार धर्मेश सैनी से जवाब मांगा जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गेहू की खड़ी फसल में लगी आग सेकड़ो बीघा गेहू जल कर राख

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी गर्मी का मौसम आते ही आग लगने की घटनाएं सामने आने लगती है कई बार खेतों में आग लगने से किसान की खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है और किसान को बड़ा नुकसान सहना पड़ता है। ताजा मामला उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद थाना डिलारी क्षेत्र का है जहां पर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई जिसके चलते कई किसानो की सेकड़ो बीघा खून पसीने की कमाई जलकर खाक हो गई. थाना डिलारी क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल व नगर पंचायत ढकिया में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब दोनों गांव के बीच सैकड़ों बीघा की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई जिस से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फसल में लगी आग पर किसानों और मौजूद लोगों ने बमुश्किल काबू पाया। घटना सूचना थाना डिलारी पुलिस को भी दी गई थाना डिलारी



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। और मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने भी मौके का मुआयना कर किसानों को मुआवजा दिलाने की बात कही। घटना से सभी पीड़ित किसान सदमे में है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Curb propaganda

The chaos of the cyber world has become a major headache for governments around the world. In such a situation, the action taken by the Union Ministry of Information and Broadcasting against about 25 YouTube channels, Twitter-Facebook accounts and news websites can be understood. There have been continuous actions against Pakistani propaganda, especially regarding its propaganda related to Jammu and Kashmir. But the government says that these channels and social media accounts were continuously disseminating false information about the country's security, foreign policy and civil order, that is why an order has been issued to block them. This is a massive action, and surely a strong message must have been sent to those using these forums. Freedom of expression must be protected in every possible way. It is a supreme democratic, human value. But no principle or value is one-sided, some responsibilities and duties are bound to be attached to it. Mainstream media have set their limits in their light. But in this explosive era of social media, such a mixture of information and entertainment has arisen on big platforms like YouTube, Facebook, Twitter, Instagram, in which it is not uncommon for readers and viewers to get confused for some time. Anti-social elements and organizations doing politics of hatred take advantage of this. It is a matter of concern that a large number of those who use these social media platforms are such 'users' who are educated but are ignorant of cyber rules and regulations and unknowingly become facilitators of such groups. . Seeing the lethal effect of these mediums, the security agencies are now forced to disrupt the internet services in the troubled areas first. The whole society, state and country has to bear the brunt of this. The Sri Lanka case is the latest example, where anti-government protests that started in Colombo engulfed the entire country through social media and a flood of true and false news pushed it into a state of emergency. Undoubtedly, these social media platforms have created a revolution in the field of citizen interaction and interaction. But it is equally harsh that they are equally careless about the concerns and grievances of the developing countries, because their business model is dependent on increasing exploitation of disputes somewhere. These companies make a lot of money from this, and hence their monitoring system remains indifferent to complaints about the deterioration of social harmony. In such a situation, the government will have to act very seriously. Its monitoring system should not be stigmatized that it is also lenient towards healthy anti-government critics. The subject of creating socio-communal disharmony or tarnishing the image of the country is so sensitive that the government will have to ensure that factual criticism does not die under the guise of such allegations, because ultimately the maturity of our democracy will be determined by the fact that the responsible What a free environment we have given to the manifestations.


# Bobby Deol did KISS to Tanisha Mukherjee, the actress said - 'You have not brushed ..'

From Facebook to Twitter and from Instagram to Ku, it is difficult to say anything about when what will go viral on social media platforms. Like celebs, common people are also very active on social media. Common social media users not only post about their life but are also very active about funny videos and Bollywood. Meanwhile, a video of Bollywood actress Tanishaa Mukerji and Bobby Deol is becoming increasingly viral. In this video, when Bobby Deol kisses Tanisha, the actress says- 'You didn't brush...' What is the video- Actually, in the video going viral on social media, Tanisha tells Bobby- 'Let's kiss me like those English pictures now. Yes, one day I will tell our grandchildren and they will tell me that she kissed me. After this Bobby locks the lips with Tanisha. After this, Tanisha laughs and stops kissing and tells Bobby- 'You didn't brush...' Clip of Tango Charlie - Let us tell you that this is not a real life moment but a reel life moment, where everything is scripted. This video clip going viral on social media is from the film Tango Charlie. Tango Charlie was released in the year 2005. The film is directed by Mani Ratnam, starring Ajay Devgn, Bobby Deol, Sanjay Dutt and Suniel Shetty in pivotal roles. The film could not show anything special at the box office. Cinematic career of Bobby and Tanisha- It is worth mentioning that Bobby Deol made his Bollywood debut with the film Dharamveer. At the same time, he is playing his second cinematic innings, where he is getting love from the audience. Bobby was recently seen in the film Love Hostel, where his character was liked by the audience. On the other hand, Tanisha Mukherjee started her cinematic innings with Sssshhh... in 2003. At the same time, she was last seen in 'Code Name Abdul' released in 2021.



# Lock Upp: Her mother did not talk to Mandana Karimi for 6 years, this was the reason

There are a lot of fights going on in the Kangana Ranaut hosted show Lockup and people are also making shocking revelations related to their lives. Now Mandana Karimi has told that her mother did not talk to her for 6 years. He told that his parents had lost his meaning to him. The reason for this has also been given. There are fights going on between Payal Rohatgi and Mandana in the show. Mandana has also had a fierce fight with Ajma Fallah. Let us tell you that Mandana Karimi's entry in the show has happened recently. He is in the headlines for his antics and statements. Quarrel between Payal and Mandana – Mandana is not getting along with some of Karimi's inmates in the lockup. She is revealing many secrets of her life. Meanwhile, he has revealed that his mother did not talk to him for 6 years. Although everything is fine now. Payal abuses Mandana. In response, he also abused Payal in Parsi language. Shivam Sharma came to the rescue and asked what happened Mandana did not tell the meaning of what she said but started telling what happened to Payal. Mandana says, I was telling her the details of what happened.



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


## कारागार में Upwasi एवं रोजेदारों को बांटे फल राष्ट्रीय युवा शक्ति का आयोजन



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज - जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से कार्यरत सामाजिक संस्था राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वावधान एवं मानव उत्थान सेवा समिति के संयोजन में राज माता राज राजेश्वरी देवी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में जनपद कारागार कासगंज में व्रत रखने वाले बंदियों , रोजा रखने वाले बंदियों एवं कारागार के हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती बंधुओं को फल आदि का वितरण किया गया। जनपद कारागार कासगंज के प्रभारी अधीक्षक श्री एन सिंह , महात्मा प्रेम पराग आनंद एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ प्रदीप रघुनंदन नदियों को फल वितरित किए। नवरात्रि एवं पवित्र रमजान माह के अवसर पर कारागार में निरुद्ध लगभग 100 बंदियों ने व्रत एवं रोजे रखे हुए हैं वहीं जनपद कारागार के हॉस्पिटल में 17 बंदी निरुद्ध हैं जिनको फल आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ दुष्यंत शर्मा शिव कुमार टेलर कुमार उपाध्याय नरेश मिश्रा वैभव मिश्रा आर्यन मिश्रा। कृपाराम शाक्य और राम प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## तस्करी को लाए गए 30 कि.ग्रा. गांजा सहित एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली सफलता, तस्करी को लाए गए 30 कि.ग्रा. गांजा सहित एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मादक पदार्थों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक शातिर गांजा तस्कर को 30 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। चोंचा बनगांव, निधौली रोड थाना कोतवाली नगर एटा को समय करीब 02.10 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी तथा मौके से 30 किग्रा गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह हैंडपंप ठीक करने का काम करता था काम बंद होने के बाद वह गांजे की तस्करी करने लगा, अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि उसने यह गांजा मोहित पाराशर पुत्र बिजेन्द्र पाराशर निवासी अवागढ़ हाउस थाना कोतवाली नगर एटा तथा शिवम गुप्ता उर्फ भोला पुत्र योगेश निवासी विजयनगर थाना कोतवाली नगर एटा से तस्करी हेतु खरीदा था। इस संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 205/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, तथा प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

## साइबर सैल एटा द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आमजन को संदेश

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ती श्रीमती मोनिका पत्नी श्री लालबहादुर निवासी न्यू रेवाड़ी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रिश्तेदार बनकर फोन काल के माध्यम से झांसे में लेकर 22000 रूपये का फ्राड कर लिया ।

अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट-वे को ई-मेल करते हुये आज दिनाँक 06/04/2022 को शिकायतकर्ता की ठगी गई पूर्ण धनराशि 22000 रुपये को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

**साइबर सैल एटा द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आमजन को संदेश**

01- किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर उस कम्पनी के आधिकारिक वेवसाइट से ही प्राप्त करें क्योकि आजकल साइबर ठगों द्वारा अपने नम्बरों को विभिन्न आनलाइन कम्पनियों के कस्टमर केयर के नाम से गूगल पर अपडेट किया गया है।

02- कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपसे एटीएम खाते क्रेडिट कार्ड अन्य से सम्बन्धित जानकारी नहीं मांगता इसलिए कभी भी फोन काल पर अपने बैंक से सम्बन्धित जानकारी शेयर ना करें।

03- किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते/देते समय यह अवश्य चेक करें कि क्यूआर कोड पेमेंट रिसीव करने वाला है।

05- किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये ।

06- खाते में चङ्कष्ट अपडेट कराने के लिये बैकों द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी/ह्रङ्खक्क/छ्वङ्क/पिन नम्बर नही मांगे जाते है।

07- ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग/कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करे ।

08- फोन पर आने वाली कॉल पर रिश्तेदार बनकर बातें करने वाला व्यकित फ्राड़ हो सकता है, उसके कहने पर अपने फोन में किसी प्रकार का ऐप्स इंसटाल न करें। न ही किसी प्रकार के लिंक/पेमेंट रिक्वेस्ट को ओपन करें।

## पीड़ित महिला को धमका कर लगवाया कागज पर अंगूठा, खींचा फोटो, पीडिता पहुची डीएम के दरबार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बीते दिन तहसील सदर में लेखपाल की घूसखोरी का शिकार हुई गरीब महिला के मामले की खबर को जैसे ही जनपद के जिलाधिकारी ने गम्भीरता से संज्ञान लेकर इसकी जाँच के आदेश जारी किये, वैसे ही घूसखोर लेखपाल और उनके मामा ने नया कारनामा कर डाला । पीड़िता का आरोप हैं कि लेखपाल एवं उनके दलाल मामा ने नाजायज दबाब बनाकर उसे न सिर्फ धमकाया बल्कि उससे एक कागज पर अंगूठा लगवा कर फोटो भी मोबाइल में ले लिया । बरहाल लेखपाल और उनके मामा की इस हरकत से परेशान पीड़ित महिला पति सहित जिलाधिकारी से शिकायत करने जा पहुची । लेकिन उचित समय न होनें के कारण किसी अधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी ।


अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


## खंड शिक्षा अधिकारी की गाड़ी रोककर की अभ्रदता, रिपोर्ट दर्ज

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- खंड शिक्षा अधिकारी की रास्ते में गाड़ी रोक ली। अभ्रद भाष का भी प्रयोग किया। जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में एबीएसए ने पचास अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। खंड शिक्षा अधिकारी शीतलपुर भारती शाक्य ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार को ड्यूटी करने के बाद गाड़ी से लौट रही थी। आरोप है कि बागवाला क्षेत्र में चालीस से पचास आरोपियों ने गाड़ी रूकवा ली और अभ्रद भाषा का प्रयोग किया। इतना ही नहीं अगले दिन स्कूल आने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। बागवाला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चर्चा है कि हादसे के बाद गाड़ी को रोकी गई थी। बागवाला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर उन्होंने डीएम को पत्र लिखा है कि उन्हें स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी से मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

WWW.KNLSLIVE.COM

## मिरहची में चला झोलाछाप डाक्टरों के विरुद्ध अभियान, कई सीज



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में बेलगाम हो चुके झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध जनपद मुखिया ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया जिलाधिकारी के आदेश के बाद जनपद के अलग-अलग स्थानों पर नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है जिसके तहत अभी की ताजा जानकारी के अनुसार अधिकारियों की टीम ने थाना व कस्बा मिरहची में छापामार कार्रवाई करते हुए कई झोलाछाप डॉक्टरों के नाजायज़ नर्सिंग होम एवं दुकानों को सीज किया है ।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका आवश्यकता है छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# भाजपा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- प्रदेश संगठन निर्देशानुसार व जिला संगठन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी भटगांव मंडल अंतर्गत स्थित बुंदिया मे भाजपा का 42 वे स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर एकत्रीकरण होकर प्रभात फेरी शोभा यात्रा निकाला गया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण किया गया उपस्थित सभी के साथ राष्ट्र गान गाया गया। इसके बाद समय दस बजे से प्रधानमंत्री मोदी के लाइव प्रसारण को साउंड के साथ सुना गया। संचालन रमेश गुप्ता के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भटगांव मंडल प्रभारी अमलेश सिंह, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष हिरा सिह,अ,जा.मोर्चा अध्यक्ष करन सोनवानी, वरिष्ठ नेता विरेन्द्र गुप्ता, खुलेशवर राजवाड़े, अजोध्या राजवाड़े, किसान मोर्चा महामंत्री नरेश पैकरा, आदिवासी मोर्चा महामंत्री देवशरन पैकरा, मुखदेव पैकरा, जिला युवा मोर्चा से राजेंद्र पाटले,अ.जा.महामंत्री संजय पाटले, जयप्रकाश युवा मोर्चा मंत्री, अमिन सिंह, जमधर पैकरा, अभिषेक गुप्ता, मनोज गुप्ता मिडिया प्रभारी, सरवन मानिकपुरी, सुखलाल राजवाड़े, नवीन, प्रिंस गुप्ता, माधव मानिकपुरी, लक्षमण पैकरा, पूर्व सरपंच दयाल पैकरा, गोविंद, ओमप्रकाश, जगमोहन, राजेश, अमेलाल,हरिदयाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# पेयजल समस्या नियंत्रण हेतु प्रकोष्ठ का गठन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ 01 अप्रैल से प्रभावशील होगा। जिसमें बिगड़े हुए हैण्डपम्पों के सुधार हेतु आवश्यक शिकायत, सुझाव दर्ज किया जा सकेगा। नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सूरजपुर व्ही.के. मिश्रा 9425254247, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रतापपुर डी.के जैन 9425437050, प्रभारी सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ओड़गी आर.सी. शर्मा 8425750754, नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक हैण्डपम्प तकनीशियन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सूरजपुर अंकित एक्का 9516418776, समयपाल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सूरजपुर संतोष हरवंश 9754375324 रहेंगे। मैदानी स्तर पर निम्न अधिकारी, कर्मचारियों को बिगड़े हुए हैण्डपम्पों के सुधार हेतु आवश्यक शिकायत एवं सुझाव हेतु निम्न नम्बर सूचित कर सकेंगे। विकासखण्ड सूरजपुर हेतु उप अभियंता व्ही.पी. सिंह 9753312786, हैण्डपम्प तकनीशियन अंकित एक्का 9516418776, हैण्डपम्प तकनीशियन प्रितीगौतम 8770476292, उप अभियंता के.आर. गुप्ता 9131577580, हैण्डपम्प तकनीशियन अमित सिंह 7089814151, हैण्डपम्प तकनीशियन तुलसी वैष्णव 7089438043, विकासखण्ड रामानुजनगर के लिए उप अभियंता राधिकाउंजन 8224957822, हैण्डपम्प तकनीशियन के.डी. सिंह 9753933239, हैण्डपम्प तकनीशियन मुक्तिमार्या तिर्की 9340099920, विकासखण्ड प्रेमनगर के लिए उपअभियंता एस.के. पाटले 8965076171, हैण्डपम्प तकनीशियन पिताम्बर यादव 6264341926, विकासखण्ड भैयाथान के लिए उप अभियंता ज्ञानेशमिश्रा 9993889874, हैण्डपम्प तकनीशियन अर्जुन सिंह कंवर 8305042915, हैण्डपम्प तकनीशियन राजेश साहू 9131255097, हैण्डपम्प तकनीशियन जोवकिम एक्का 9406041433, हैण्डपम्प तकनीशियन भागवतराम 9977134894, विकासखण्ड प्रतापपुर के लिए उप अभियंता विमलेश सिंह 9406029939, हैण्डपम्प तकनीशियन अथन तिर्की 9826686439, हैण्डपम्प तकनीशियन सेवाराम निर्मलकर 9630087334, हैण्डपम्प तकनीशियन अरूण पाण्डेय 9098975541, हैण्डपम्प तकनीशियन शांति आयाम 9165812004, विकासखण्ड ओड़गी के लिए उप अभियंता अविनाश मिंज 8770586537, हैण्डपम्प तकनीशियन कृष्णगोविन्द गोंड 7354274028, हैण्डपम्प तकनीशियन राम प्रकाश साहू 9754173837 को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त विभागीय टोलफ्री नम्बर 1800230008 पर भी शिकायत एवं सुझाव दर्ज किया जा सकता है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# मतदाता सूची तैयार करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अपीलीय अधिकारी नियुक्त

राम्चंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 42 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत नियम, 1955 के नियम, 18 के अन्तर्गत सूरजपुर जिले में फरवरी 2022 की स्थिति में रिक्त पद क्रमशः सरपंच के 02 पद तथा पंचों के 52 पद के उप निर्वाचन 2022 हेतु आयोग से प्राप्त आदेश द्वारा जारी संलग्न समय अनुसूची के अनुसार निम्नलिखित अधिकारियों को उनके सामने दर्शाये गये विकासखण्डों के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों की निवार्चक नामावली या मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया जाता है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सूरजपुर, विकासखण्ड सूरजपुर इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें उंचडीह, डुमरिया, पार्वतीपुर, कमलपुर, रूनियडीह, रविन्द्रनगर, राजापुर व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रामानुजनगर विकासखण्ड रामानुजनगर इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें सुमेरपुर, परसापारा, लेडुआ व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार प्रेमनगर, विकासखण्ड प्रेमनगर इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें ब्रम्हपुर व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार भैयाथान, विकासखण्ड भैयाथान इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें परसिया, केनापारा, खोपा व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार ओड़गी विकासखण्ड ओड़गी इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें कुदरगढ़ तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार प्रतापपुर, विकासखण्ड प्रतापपुर इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतें गोंदा, करसी, बगड़ा, जजावल तथा सिंघरा है। थासमय स्थानीय निर्वाचन कार्याल सूरजपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे

# तालाब से जानवर निकालने के दौरान किशोरी की पानी में डूबने से मौत



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद तालाब से जानवर निकालने के दौरान किशोरी अंजली पानी में डूब गई किशोरी की मौत हो जाने की आशंका में परिवारी जन सदमे में है। यह घटना थाना मेरापुर के ग्राम नगला दुबे में साइन करीब 3 बजे की है। थाना मेरापुर के ग्राम पमर खिरिया निवासी पप्पू कठेरिया की 13 वर्षीय पुत्री अंजली पालतू जानवरों को चराने गई थी। इसी दौरान जानवर पड़ोसी गांव नगला दुबे स्थित मरुतला तालाब के अंदर घुसी अंजली तालाब से जानवरों को बाहर निकालने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान अंजली का पैर तालाब की गहराई में चले जाने के कारण डूब गई। अंजली के साथ ही गांव की 8 वर्षीय लड़की हिना भी जानवर चरा रही थी। हिना ने अंजली को तालाब में डूबते देखा और गांव जाकर परिजनों को जानकारी दी। परिजन दौड़ते हुए तालाब पर पहुंचे गांव वालों ने अंजली को काफी देर तक तालाब में तलाश किया। मौके पर पहुंचे कार्यवाहक थाना अध्यक्ष सुरेश चौहर ने किशोरी को निकलवाने के लिए फर्रुखाबाद से गोताखोरों को बुलवाया है प्रधान अशोक यादव भी मौके पर पहुंचे कई घंटे तक अंजली के न निकलने पर उसके मर जाने की आशंका व्याप्त हो गई है अंजली को देखने के लिए तालाब पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई काफी प्रयास करके ग्रामीणों ने आखिरकार अंजलि को ढूंढ निकाला तब तक अंजलि की मौत हो चुकी थी अंजलि की मौत पर परिवार की महिलाएं बिलखती रही

# जेडी परखेंगी टीकाकरण की हकीकत:दो दिन जिले में रहन सीएचसी-पीएचसी का निरीक्षण करेंगी, वैक्सीनेशन न कराने वाले लोगों से मिलेंगी

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की कानपुर मंडल की संयुक्त निदेशक डॉ. सरोजबाला आज दौरा करने फर्रुखाबाद पहुंचीगी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की कानपुर मंडल की संयुक्त निदेशक डॉ. सरोजबाला आज दौरा करने आएंगी फर्रुखाबाद में 4 अप्रैल से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जा रहा है इसकी जमीनी हकीकत को परखने के बुधवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की कानपुर मंडल की संयुक्त निदेशक डॉ. सरोजबाला पहुंचेंगी सयुक्त निदेशक राजेपुर सीएचसी के इमादपुर पमारान, करनपुर दत्त और अमृतपुर का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह दो दिन जिले में प्रवास पर रहेंगी दो वर्ष बाद शुरू हुए पोलियो टीकाकरण की हकीकत परखने के लिए बुधवार को कानपुर मंडल से स्वास्थ्य निदेशक पहुंच रही हैं। यहां 2 दिन तक वह जिले की विभिन्न सीएचसी का निरीक्षण कर टीकाकरण हकीकत परखगी बुधवार को वह अमृतपुर और राजेपुर क्षेत्र के सीएचसी का निरीक्षण करेंगी। साथ ही मौके पर मौजूद एएनएम से टीका न लगवाने वाले लोगों के बारे में जानकारी लेंगी। आशा कार्यकर्ता की ड्यूटी लिस्ट देखेंगी वहीं, अमृतपुर पीएचसी का भ्रमण कर भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी करेंगी धर्म गुरुओं के साथ करेंगे बैठक सीएमओ ने बताया कि कायमगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोगों द्वारा टीकाकरण कराने से मना किया गया है। इसी के तहत संयुक्त निदेशक कायमगंज सीएचसी और धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर उन्हें लोगों को टीका करके पर जागरूक करने की बात कहेंगे वहीं ऐसे परिवारों से भी मिलेंगी जिन्होंने टीकाकरण कराने से मना कर दिया है

# शिखर दयाल की नाबाद 160 रनों की तूफानी पारी में उड़ी वाणिज्य विभाग की टीम

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली-इज्जतनगर मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में रेलवे स्टेडियम रोड नंबर 4, इज्जतनगर में आयोजित अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता-2022 के चैथे दिन क्रिकेट के 2 मैच खेले गए। पहला मैच रेल सुरक्षा बल व परिचालन विभाग की टीमों के मध्य खेला गया जिसमे रेल सुरक्षा बल ने परिचालन को 7 विकेट से पराजित किया। रेल सुरक्षा बल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया और परिचालन की टीम ने 18.4 ओवरों में 106 रनों पर ऑलआउट हो गयी। परिचालन की ओर से सर्वाधिक फिरोज ने 37 रन बनाये। रेल सुरक्षा बल की ओर से ऋषि पाण्डेय ने 3 विकेट व केदार ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेल सुरक्षा बल की टीम गोपाल भंडारी के सर्वाधिक 52 रनों व वीरेंद्र यादव के 24 रनों की बदौलत केवल 11.5 ओवरों में 111 रन बनाकर रेल सुरक्षा बल की टीम को जीत का सेहरा पहनाया। परिचालन की ओर अमित, राधे श्याम व फिरोज ने क्रमशः 1-1-1 विकेट लिये। दूसरा मैच ऑपरेशन्स व वाणिज्य विभाग की टीमों के मध्य खेला गया जिसमे ऑपरेशन्स ने वाणिज्य विभाग की टीम पर 121 रनों से शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑपरेशन्स की टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 252 रनों का पहाड़ खड़ा किया जिसमें कप्तान शिखर दयाल ने ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेलते हुए 17 चैको व 9 छक्कों की मदद से 75 गेंदों पर नाबाद 160 रन बनाए। बलराम मीना ने 27 रन व मोहम्मद शादाब ने अंतिम ओवरों में 10 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 28 रनों का योगदान दिया। वाणिज्य की ओर से अमृतेश व शिवम ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाणिज्य की पूरी टीम 17.2 ओवरों में मात्र 131 रनों पर ही ढेर हो गयी।

वाणिज्य की ओर से ईश्वर ने 45 व बृजेश ने 28 रन बनाये। ऑपरेशन्स की ओर से छविलाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाये। मैच की अंपायरिंग शरद फर्नान्डिस व इकरार खान, शमशाद हुसैन व स्कोरिंग आकाश कुमार व शिव राठी एवं कमेंट्री अफसार अली, नाजिश खान ने की। इस अवसर पर मंडल क्रीड़ा अधिकारी सनत जैन, मुख्य कारखाना प्रबंधक राजेश अवस्थी, कारखाना क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, ऋषि पांडेय, रोहित गुप्ता, डॉ हरीश वैष्णव, माजिद हसन खान, संजय त्यागी, पुष्पेन्द्र सिंह, हसीब हुसैन, बलवंत सिंह, पंकज कुमार, आरिफ हुसैन, अर्जुन कश्यप, अजय कश्यप, योगेश राठी, रोहित सिंह, रोहित राणा, अमित फ्रैंक आदि लोग उपस्थित रहे। मंडल क्रीड़ा सचिव श्रीमती गीता शर्मा ने बताया कि कल पहला मैच भंडार व कार्मिक विभाग टीमों के मध्य प्रातः 8.00 बजे व दूसरा मैच यांत्रिक कारखाना व डीजल शेड टीमों के मध्य प्रातः 11 बजे खेला जाएगा।

# दुकानदार के ऊपर जानलेवा हमला फायरिंग से दहशत

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- फर्रूखाबाद बीती रात दुकानदार पर जान लेवा हमला कर दिया गया सिर फटने से दुकानदार लहुलुहान हो गया पुलिस ने मौके से एक आरोपी को दबोच लिया7 जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गये जिनकी पुलिस तलाश कर रही है शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पपियापुर इटावा.बरेली हाई-वे पर घनश्याम सिंह की मोटर साइकिल स्पेयर पार्ट की दुकान है बीती रात लगभग 8-45 बजे घन श्याम सिंह अपनी दुकान पर थे उसी दौरान सौरभ पुत्र ग्रन्दा सिंह निवासी गैसिंगपुर संटी निवासी गोसरपुर मोहम्मदाबाद व भिलल्ड निवासी गैसिंगपुर नें अचानक धनश्याम सिंह पर हमला कर दिया सरिया से हमला करनें से उनका सिर बुरी तरह फट गया और वह लहुलहान हो गये शोर.शराबा सुनकर आर-पास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी जिसे देखते हुए आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गयी पुलिस के आनें की आहट से आरोपी मौके से फरार हो गये पुलिस ने एक आरोपी सौरभ को झाड़ियों में छिपे होनें पर दबोच लिया उसके पास से कुछ कारतूस व तमंचा भी पुलिस को मिले पुलिस ने घायल घनश्याम का रात में ही लोहिया अस्पताल में मेडिकल कराया वहीं घायल घनश्याम के परिवारिक भाई अमित सिंह नें पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने आरोपी सौरभ. संटी व भिलल्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है विवाद दुकान से सामान लेने के दौरान रूपये के लेंनदेंन का विवाद बताया जा रहा है जाँच आईटीआई चौकी इंचार्ज विश्वनाथ आर्य को दी गयी है प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला नें बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जाँच की जा रही हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अखिलेश यादव की एक और कार्रवाई, भाजपा का समर्थन करने पर चार ब्लॉक प्रमुखों को पार्टी से निकाला



एमएलसी चुनाव से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक कार्रवाई बड़ी कार्रवाई की है। अखिलेश यादव ने उन्नाव जिले के चार ब्लॉक प्रमुखा को पार्टी से बाहर निकाल दिया है। इससे पहले भी अखिलेश यादव चार लोगों को सपा से निष्कासित किया था, इनमें दो पूर्व विधायक भी शामिल थे। इन सभी लोगों पर लापरवाही का आरोप लगा था। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के मद्देनजर दो ब्लॉक प्रमुख समेत चार लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। लखनऊ उन्नाव सीट से एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में चारों नेता शामिल बताए जा रहे हैं। पंचायत चुनाव के दौरान ज्ञानेंद्र सिंह ब्लाक प्रमुख औरास और वितेंद्र यादव ब्लॉक प्रमुख असोहा चुने गए थे। इसके अलावा गंज मुरादाबाद से विवेक पटेल और बांगरमऊ से अर्जुन दिवाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैं। अभी कुछ दिन पहले यह सभी भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी रामचंद्र प्रधान के समर्थन में दिखे थे। चारों पुराने सपा नेता है और लंबे अरसे से सपा में ही राजनीति कर रहे हैं। आपको बता दें कि सपा ने इस सीट पर सुनील सिंह साजन को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा के लोग सपा के नेताओं को अपने खेमे में करने में जुटे हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने चिट्ठी जारी करके बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर चारों के खिलाफ 6 साल तक के निष्कासन की कार्रवाई की गई है।

# गोरखनाथ मंदिर हमला: पहले किन-किन लोगों से मिल चुका है मुर्तजा अब्बासी, एटीएस मुख्यालय पर होगी पूछताछ



यूपी के गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के द्वार पर हुए हमले के आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी को बुधवार को पूछताछ के लिए आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के लखनऊ मुख्यालय लाया गया। अब्बासी सोमवार से सात दिन की पुलिस हिरासत में है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मुर्तजा से उसकी गतिविधियों और हमले से पहले जिन लोगों से वह मिला उनके बारे में पूछताछ की जाएगी। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया, हम इस घटना से जुड़े हर पहलू का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। गिरफ्तार किया गया व्यक्ति किन लोगों या संगठनों से जुड़े हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि पकड़ा गया अभियुक्त केमिकल इंजीनियर है और उसने अपने लैपटॉप पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के भाषण देखे थे। जांचकर्ताओं ने उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है ताकि डिजिटल सुबूत इकट्ठा किए जा सकें। इस मामले की जांच यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और एटीएस की संयुक्त टीम कर रही है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि अब्बासी खुद ही कट्टरपंथ की गिरफ्त में हैं। हालांकि इस बात की भी जांच की जा रही है कि कहीं वह किसी अन्य के इशारे पर तो काम नहीं कर रहा था। रतलब है कि मुर्तजा अब्बासी ने रविवार की शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में दाखिल होने की कोशिश की थी। जब सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने धारदार हथियार से हमला कर पीएसी के दो जवानों को घायल कर दिया था। हालांकि अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उसे फौरन पकड़ लिया और हमले में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार जब्त कर लिया था। गोरखनाथ मंदिर परिसर में मंदिर के मुखिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आवास भी है। हालांकि हमले के वक्त वह मंदिर परिसर में मौजूद नहीं थे। मंगलवार को जांचकर्ताओं ने कुशीनगर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, जहां अब्बासी हाल में ठहरा था। इसके अलावा मुंबई और गुजरात के जामनगर में भी दल भेजे गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अब्बासी ने मुंबई में अपनी शिक्षा पूरी की है जिसके बाद उसने कुछ समय के लिए जामनगर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम किया था।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# छात्रा के एक ट्विट के बाद कार्रवाई, एएमयू में हिंदू देवी-देवताओं के अपमान पर असिस्टेंट प्रोफेसर सस्पेंड



एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में फोरेंसिक साइंस विभाग में अध्यापन के दौरान हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अपमान और आपत्तिजनक स्लाइड के प्रयोग पर हंगामा मच गया। एएमयू इंतजामिया ने बुधवार को जांच समिति की रिपोर्ट के बाद आरोपी असिस्टेंट प्रोफसर को निलंबित कर प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी है। उधर, मामले के राजनीतिक रंग लेने पर भाजपा नेता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।मामला मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट से जुड़ा है। मंगलवार की रात विभाग की एक छात्रा नेअसिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र कुमार के पढ़ाते समय इस्तेमाल की गई स्लाइड का फोटो ट्विटर पर पोस्ट किया। स्लाइड पर हिंदू देवी देवताओं के बारे में अपमान और आपत्तिजनक बातें लिखी हुई थी। ट्ववीट में छात्रा ने कहा कि ,दो माह पहले उसने एएमयू से स्नातक किया है। वह एक करदाता भी है। उसका पैसा हिंदुओं के भगवान को अपमानित करने के लिए इस्तेमाल हो रहा है,। छात्रा ने ट्ववीट में एएमयू, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी समेत कई लोगों को भी टैग किया था। छात्रा के ट्वीट करने के कुछ समय बाद ही एएमयू और पुलिस महकमे ने इसका संज्ञान लिया। पुलिस ने एएमयू अधिकारियों से संपर्क साधकर छात्रा के ट्वीट का स्क्रीनशॉट भेजा गया। विश्वविद्यालय ने आनन-फानन में दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर प्रोफेसर को कारण बताओ नोटिस भेजा गया। नोटिस मिलने के चंद मिनट बाद ही प्रोफेसर ने अपना माफीनामा भेज दिया। बुधवार दोपहर बाद जांच पूरी होने पर कुलसचिव अब्दुल हमीद (आइपीएस) ने आरोपी प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह मामला विश्वविद्यालय से लेकर सोशल मीडिया पर दिन भर चर्चा का विषय बना रहा।एएमयू के प्रवक्ता प्रोफेसर शाफे किदवई ने बताया कि सहायक प्रोफेसर जितेंद्र कुमार को मामले की गंभीरता देखते हुए जांच पूरी होने तक सेवा से निलंबित कर दिया है। डॉ. कुमार को जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।